मासिक

RNI No. - MPHIN/2020/79860

# आजाद बोल

वर्ष : 5 अंक : 3 इन्दौर, 15 फरवरी 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए

# मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन, बीरेनसिंह ने मुख्यमंत्री पद से दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की है। अधिसूचना में कहा गया है कि मैं, भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू को मणिपुर राज्य के राज्यपाल से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है और रिपोर्ट और मेरे द्वारा प्राप्त अन्य जानकारी पर विचार करने के बाद, मैं संतुष्ट हूं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य की सरकार को भारत के संविधान (बाद में संविधान के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है।



पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद भाजपा सीएम पद के लिए नए नेता का नाम बताने में विफल रही। पात्रा पिछले दो दिनों में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। मंगलवार को पात्रा ने पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष ए.शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की और बुधवार को उन्होंने फिर से राज्यपाल से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने पात्रा की राज्य यात्रा के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करने का है।

मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सिंह को विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था, जिसने राज्य विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर भाजपा ने माना कि वह शासन में अक्षम : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते।





## कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया को मिली नई जिम्मेदारी

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया का कांग्रेस में कद बढ़ गया है. पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है. विक्रांत भूरिया को पार्टी ने ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस का चेयरमैन बनाया है. कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी किए गए लेटर के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर विक्रांत भूरिया की तत्काल प्रभाव से नियुक्ति की है. उन्हें शिवाजी राव मोघे की जगह ये जिम्मेदारी सौंपी गई है.

दरअसल, विक्रांत भूरिया ने साल 2024 में अप्रैल में मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद कयास लगने शुरू हो गए थे कि उन्हें ऑल इंडिया यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जा सकता है. हालांकि उनकी जगह जम्मू कश्मीर के उदय भानु चिब को ये जिम्मेदारी सौंप दी गई. वहीं अब विक्रांत भूरिया को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. बता दें कि विक्रांत भूरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया के बेटे हैं. भूरिया पेशे से डॉक्टर हैं. पिछले विधानसभा चुनाव में वह झाबुआ से विधायक चुनकर आए थे।

# क्या अब मणिपुर जाने और लोगों से माफी मांगने का साहस करेंगे प्रधानमंत्री : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया क्योंकि कोई भी विधायक भाजपा की अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब मणिपुर का दौरा करने और वहां के लोगों से माफी मांगने का साहस दिखा पाएंगे? मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी पार्टी ही 11 साल से केंद्र में शासन कर रही है। यह आपकी पार्टी है जो आठ साल तक मणिपुर पर भी शासन कर रही थी।

यह भाजपा ही है जो राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार थी। उन्होंने कहा, यह आपकी सरकार है जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर गश्ती की जिम्मेदारी है।



आपके द्वारा राष्ट्रपति शासन लगाना, अपनी ही पार्टी की सरकार को निलंबित करना इस बात की सीधी स्वीकारोक्ति है कि आपने मणिपुर के लोगों को निराश किया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शासन इसलिए नहीं लगाया क्योंकि वह ऐसा चाहते थे, बल्कि इसलिए लगाया क्योंकि राज्य में संवैधानिक संकट है तथा आपका कोई भी विधायक आपकी अक्षमता का बोझ स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा, आपके 'डबल इंजन' ने मणिपुर की निर्दोष जनता की जिंदगियों को रौंद दिया।अब समय आ गया है कि आप मणिपुर में कदम रखें और पीड़ित लोगों के दर्द और पीड़ा को सुनें और उनसे माफी मांगें। खरगे ने सवाल किया, "क्या आपमें यह साहस है?" उन्होंने दावा किया, मणिपुर की जनता आपको और आपकी पार्टी को माफ नहीं करेगी।

## 23 फरवरी को बागेश्वर धाम जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी, कैंसर अस्पताल की रखेंगे नींव, राष्ट्रपति मुर्मू भी करेंगीं दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम जाने वाले हैं, जहां उनका मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड के पहले कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। उनके दौरे से पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की। विवरण के अनुसार, बागेश्वर धाम समिति और प्रशासन इस भव्य अवसर के लिए विशेष व्यवस्था कर रहा है। पीएम मोदी बुंदेलखंड में कैंसर अस्पताल के लिए भूमि पूजन करेंगे। बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले 'कन्या विवाह महोत्सव' (सामूहिक विवाह समारोह) में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाने वाले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हाल ही में यह कहकर बहस छेड़ दी थी, 'या तो वक्फ बोर्ड को खत्म करो या सनातन बोर्ड की स्थापना करो।' उन्होंने दावा किया कि जहां 2000 तक वक्फ बोर्ड के पास कुछ हजार एकड़ जमीन थी, वहीं अब उसके पास 8.5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। उन्होंने यहां तक आरोप लगाया कि बोर्ड ने संसद भवन को अपनी संपत्ति घोषित कर दिया है।



### वक्फ बिल पर बोले ओवैसी

# मुसलमानों से छीनने और बर्बाद करने के लिए लाया जा रही

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को 'असंवैधानिक' करार देते हुए संयुक्त समिति की रिपोर्ट का विरोध किया और कहा कि यह अनुच्छेद 15, 15 और 29 का गंभीर उल्लंघन है और इसे मुसलमानों से वक्फ छीनने और उसे नष्ट करने के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी के सदस्यों ने जो कहा है उससे मैं सहमत हूं, यह वक्फ विधेयक न केवल असंवैधानिक है और अनुच्छेद 15, 15 और 29 का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि मुसलमानों से वक्फ छीनने और उसे नष्ट करने के लिए लाया जा रहा है। हम इस बिल की निंदा करते हैं।



सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि हमने अपने मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में इस बिल का विरोध किया क्योंकि यह बिल देश के हित में नहीं है। बीजेपी इसे थोपना चाहती है और मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की राजनीति करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब वे इस पर चर्चा करेंगे तो हम फिर इसका विरोध करेंगे और अगर उन्होंने इसे किसी भी तरह से लागू करने की कोशिश की तो हम न्याय पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

सपा सांसद इकरा हसन ने कहा कि समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है और हमें समिति के सदस्यों से जानकारी मिली है कि समिति की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से आयोजित की गई थी। इनपुट स्वतंत्र रूप से नहीं लिए गए। हम बिल के खिलाफ हैं। यह असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के खिलाफ है। जेपीसी सदस्यों के कई असहमति वाले नोट्स को संपादित कर रिपोर्ट में डाला गया है। उनकी चिंताओं को शामिल नहीं किया गया है।

## स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में शहीद भगतसिंह के भांजे प्रो. जगमोहन सिंह

# आज़ादी के साथ कई मुद्दों की लड़ाई लड़ रहे थे भगत सिंह : प्रो. जगमोहन

**इंदौर।** शहीदे-आज़म भगत सिंह के भांजे एवं सुप्रसिद्ध लेखक, चिंतक और इतिहासकार प्रो. जगमोहन सिंह ने कहा कि भगत सिंह को गले में फाँसी का फंदा डाल लेने के लिए जाना जाता है, जबकि उन्होंने आज़ादी आंदोलन के साथ-साथ हरित क्रांति पर कार्य किया था। समाज के हर व्यक्ति को उसके अधिकार मिले इसी के लिए भगत सिंह ने कई प्रयास किए।

प्रो. सिंह स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आजादी की लड़ाई के दौरान भगत सिंह ने युवाओं एवं महिलाओं को समाज में आगे रखने का अभियान चलाया था। पर्यावरण और गरीबी दूर करने के लिए भी उन्होंने कई कार्यक्रम चलाये थे। उन्हें इस बात का भान था कि युवा और महिला ही समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।






उन्होंने कहा कि राम मदिर निर्माण से रामराज्य नहीं आएगा। जब तक देश में भूखमरी, बेरोज़गारी, पर्यावरण जैंसी प्रचुर समस्याएं हैं तब तक रामराज्य नहीं आ सकता। राम मंदिर निर्माण के बाद आज़ादी मिली संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के बयान पर छिड़ी बहस पर उन्होंने कहा कि पहली बात यह है कि आजादी को हम डिफाइन क्या करते हैं? और जब आप आजादी की डेफिनेशन बदलेंगे तब आपके सवाल हल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर मंदिर बनने से सब लोगों को रोटी मिल गई, काम मिल गया, उनकी सब समस्याओं का समाधान हो गया तो मैं कहूंगा कि मंदिर निर्माण ठीक था। उन्होंने कहा कि इतिहास में ही देख लीजिए कि हमने मंदिरों से ही इतना धन इकट्ठा किया कि हमने बाहर से आक्रमणकर्ताओं को इनवाइट किया कि आप आए और हमारा धन लूट के ले जाओ।


प्रो. सिंह ने कहा कि आज अडानी-अंबानी जैंसे देश के बड़े कारपोरेट हाउसेस के लिए तो अलग तरह की आजादी है लेकिन आम और परेशान आदमी के लिए आजादी के मायने अलग हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल के पहले की देश की उपलब्धियों को लेकर आँखें मूंद रखी हैं। उन्हें लगता है आजादी के सत्तर वर्षों में गैर भाजपाई सरकारों ने कोई काम ही नहीं किया।

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि लेख, पुस्तकों एवं फिल्मों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्रियों एवं महापुरुषों को बदनाम करने की मुहिम चला रखी है। यही काम आज़ादी से पहले अंग्रेज़ करते थे। वे स्थानीय राजाओं को अय्याश और मक्कार बताकर उन्हें बदनाम करते थे। जनता सब समझती है सरकार के ऐसे प्रयास सफल नहीं हो रहे।

प्रो. सिंह ने कहा कि जीएसटी के माध्यम से केंद्र सरकार राज्यों का पैसा वसूल रही है लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मूलभूत चीजों के लिए बजट आवंटित करने में आनाकानी कर रही है। कई राज्य बजट के अभाव में स्कूल, अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण प्रकल्प बंद करने पर मजबूर हो गई है। प्रारम्भ में प्रगति लेखक संघ के विनीत तिवारी ने प्रो. सिंह का परिचय दिया। अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, महासचिव अभिषेक बडजात्या, समीर खान एवं अरविन्द पोरवाल ने प्रो. सिंह का स्वागत किया।

# झूठ के समंदर में नई पीढ़ी

**इंदौर : ( ज़ाहिद खान )** सोशल मीडिया ने दुनिया को करीब लाने का वादा किया था, मगर इसने सच और झूठ के बीच की लकीर को ही मिटा दिया। पहले झूठ को पकड़ने के लिए सुबूत चाहिए होते थे, अब AI और एडिटिंग के ज़रिए झूठ को ऐसा चमकाया जाता है कि सच से ज़्यादा असली लगने लगता है। फेक न्यूज़, मॉर्फ़ किए गए वीडियो, और मनगढ़ंत कहानियों की बाढ़ ने समाज को गुमराह करना शुरू कर दिया है और सबसे ज़्यादा इसका असर हमारी नई पीढ़ी पर हो रहा है।




आज बच्चे और नौजवान सोशल मीडिया पर जो देखते हैं, वही उनकी सच्चाई बन जाता है। AI की ताकत ने झूठ को इतनी सफाई से पेश करना शुरू कर दिया है कि लोग बिना सोचे-समझे उसे सच मान लेते हैं। नतीजा? नई पीढ़ी भ्रमित हो रही है, असल हक़ीक़त से दूर भाग रही है और झूठ के मायाजाल में फँसती जा रही है।

**कैसे बचे?**

1. सोचने-समझने की आदत डालें– बच्चों को सच्चाई की तह तक जाने की आदत डालनी होगी। हर वायरल खबर पर भरोसा न करें, पहले तस्दीक करें।

2. किताबों से रिश्ता जोड़ें– सोशल मीडिया की जगह इल्म के हकीकी ज़राय किताबें से रूबरू करे। बच्चों को पढ़ने और गौर करने की आदत डालें।

3. दीन और अखल़ाक़ सिखाएँ– सच और झूठ का फ़र्क़ समझाने के लिए इस्लामी तालीमात से जुड़ना ज़रूरी है। कुरआन और हदीस हमें बताती है कि झूठ फैलाना कितना बड़ा गुनाह है।

4. मस्जिदों मे, खासकर जुमे मे इसको मौज़ू बनाना फ़र्ज़ हो चुका है क्यूंकि इंसानियत पर आने वाले तमाम फितनो मे AI सबसे बड़ा फितना है जो दुनिया से सच और झूठ के फर्क को ख़त्म कर रहा है।

5. सोशल मीडिया को नकारना हल नहीं है, बल्कि इसका सही इस्तेमाल सिखाना ज़रूरी है।

अगर हम आज अपनी नई पीढ़ी को सच और झूठ में फ़र्क़ करना नहीं सिखाएँगे, तो कल यही फरेब उनका सच बन जाएगा। हमें उन्हें आँखें खोलकर देखने की तालीम देनी होगी, वरना यह झूठ का समंदर हमारी नस्लों को बहा ले जाएगा।

## 32 वीं अहले सुन्नत कान्फ्रेंस का सफलतापूर्वक समापन



# नशा मुक्ति अभियान, शिक्षा और सोशल मीडिया पर दिया जोर

**इन्दौर।** 13 फरवरी गुरुवार रात्रि इशा की नमाज़ के बाद गफूर खाँ की बज़रिया में जामिया ग़ौसिया ग़रीब नवाज़ (खजराना, इंदौर) का 32 वां वार्षिक कार्यक्रम 'अहले सुन्नत कान्फ्रेंस' का आयोजन हुआ। जिसमें देश भर के विद्वान व धार्मिक गुरु सम्मिलित हुए और पूरे प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आई हुई विशाल जनसभा को संबोधित किया।

कान्फ्रेंस की शुरुआत कुरआने पाक की तिलावत व नात व मन्क़बत से हुई। कान्फ्रेंस में अपना विचार विस्तार से रखते हुए मुफ्ती अख्त़र हुसैन अल़ीमी सा. ने जामिया ग़ौसिया ग़रीब नवाज़ और उसके संचालक मुफ्ती अनवार अहमद क़ादरी साहब की कामयाबियों के बारे में बताया कि जामिया 27 सालों से लगातार क़ौम को सैकड़ो फ़ाज़िल, आलिम, क़ारी, हाफ़िज़ और इमाम दे रहा है जो हिंदुस्तान भर में देश हित में काम कर रहे हैं और समाज को बुराइयों-अपराधों से दूर रहने की तालीम देते हैं और आपने बताया कि आज समाज में फैल रही बुराइयों की एक बड़ी वजह सोशल मीडिया का ग़लत इस्तेमाल है, अपने क़ीमती वक़्त में से ज़्यादा वक़्त सोशल मीडिया पर बिताना, सोशल मीडिया पर देखी सुनी हर बात का यक़ीन कर लेना, कोई भी चीज़ बिना सोचे समझे आगे शेयर कर देना समाज में फैल रही बुराइयों की अहम वजह है।

मुफ्ती क़मरुद्दीन सा. ने नशे के बारे में बताया कि नशा इस्लाम में बिल्कुल हराम है, नशे के लिए मज़हबे इस्लाम में कोई जगह नहीं, और समाज में फैली कई बुराइयां जैसे एक्सीडेंट, चोरी, लड़ाई-झगड़ा, हत्या, प्रताड़ना, शिक्षा से दूरी वगैरह की असल वजह नशा है।

सुन्नते रसूल और साइंस के टॉपिक पर बात करते हुए आप ने बताया कि आज साइंस भी पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम की बातों की तसदीक़ कर रही है, जैसे जैसे नई तहक़ीक़ात सामने आ रही हैं हुज़ूर की हदीसें रोज़े रोशन की तरह वाज़ेह होती जा रही हैं। स्वच्छता पर बात करते हुए कहा कि तहारत (स्वच्छता) ईमान का हिस्सा है। जो मुसलमान साफ़ सफाई का ख़्याल नही रखता वह इस्लाम की तालीमात पर अमल नहीं करता।

मुफ्ती वाजिद अली सा. ने अपने बयान में बताया कि हमारे मुल्क के हालात बेहतर बनाने के लिए खा़सकर मुस्लिम समाज में सुधार लाने के लिए शिक्षा बेहद ज़रुरी है, अगर शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई भी ताक़त समाज को पिछड़ने से नहीं बचा सकती। बच्चों के अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाये और इन्टरनेट का इस्तेमाल अपनी मौजूदगी में करने दिया जाये। जामिया ग़ौसिया ग़रीब नवाज़ ने इन्दौर को लगातार स्वच्छता में नम्बर 1 आने पर इन्दौर वासियों को मुबारकबाद पेश की । कान्फ्रेंस में आये विद्वानों के द्वारा आल़िम, हाफिज़ एंव क़ारी की पढ़ाई मुकम्मल कर चुके 35 विधार्थियों को पगड़ी बाँधकर व उपाधि देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई।

कान्फ्रेंस की अध्यक्षता कर रहे मुफ्ती अनवार अहम़द क़ादरी साहब ने पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया और अपने बयान में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फुज़ूल खर्ची इस्लाम में हराम है चाहे वह किसी भी चीज़ में हो। आज पानी हमारे मुल्क ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का मस्अला बनता जा रहा है इसको बचायें और बूंद बूंद की हिफाज़त करें। कान्फ्रेंस के समापन में पूरी जनता ने सल़ातो सलाम पढ़ा फिर अपने लिए और अपने वतन के लिए तरक़्क़ी की दुआएं की।



## 17 फरवरी को इंदौर में मध्य प्रदेश के महापौरों का सम्मेलन, 14 महापौर भाग लेंगे

### इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

**इंदौर।** शहर में 17 फरवरी को प्रदेश स्तरीय महापौर परिषद का सम्मेलन होगा। मध्यप्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष होने के नाते पुष्यमित्र भार्गव इस आयोजन की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में 14 महापौर के आने की औपचारिक स्वीकृति मिल चुकी है, 2 महापौर बाहर होने से सम्मेलन में संभवतः शामिल नहीं हो सकेंगे।

इस सम्मेलन में अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष माधुरी पटेल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिभा बागरी भी समिलित होंगी। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आयोजन में ऑनलाइन सम्मिलित होंगे। ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाले इस एक दिन के सम्मेलन में शहरों के विकास से जुड़े मुद्दों, सरकार से मिलने वाले बजट आवंटन में वृद्धि और महापौरों के अधिकार बढ़ाने संबंधी विषयों पर चर्चा होगी।

**अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा-**बताया गया कि उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री के संबोधन के साथ बैठक की शुरुआत होगी। इसके बाद राउंड टेबल चर्चा होगी, जिसमें नगरीय निकायों के विकास और महापौरों के अधिकारों और कर्तव्यों के साथ ही नगरीय निकायों में जो समस्याएं आ रही है उस पर चर्चा की जाएगी। साथ ही कुछ प्रस्ताव भी इसमें पारित किए जाएंगे।

**आने वाले महापौरों को विजिट कराएंगे-**बैठक के बाद आने वाले महापौरों को शहर के ट्रेंचिंग ग्राउंड की विजिट भी कराई जाएगी। उन्हें 56 दुकान पर भी व्यंजनों का लुत्फ लेने ले जाया जाएगा। इसके बाद सभी महापौर रणजीत हनुमान मंदिर रोड स्थित विश्राम बाग भी जाएंगे।

# इंदौर मेट्रो को ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन इसी महीने से शुरू!

**इन्दौर।** इंदौर वासियों का मेट्रो में सफर करने का सपना जल्द ही पूरा होने वाला है। कमर्शियल रन से पहले सेफ्टी ऑडिट करने कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी की टीम ने सिविल कार्यों का फाइनल निरीक्षण किया। हर विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी कार्यों की रिपोर्ट देखी। गांधीनगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 तक 5.8 किलोमीटर में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े हर छोटे-बड़े काम को बारीकी से जांच की गई।

एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL) के अधिकारी का कहना है कि कि सभी दस्तावेज सीएमआरएस टीम को पहले ही सौंप दिए गए हैं। निरीक्षण के बाद दिल्ली में दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। जांच के बाद ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन इसी महीने से शुरू हो सकता है। निरीक्षण में सब कुछ सही मिलने पर ही सीएमआरएस की टीम ओके रिपोर्ट देगी।

जिम्मेदारों के दावे के अनुसार मेट्रो का दिसंबर 2024 में कमर्शियल रन नहीं हो पाया था। अब इइईण्ठ के अधिकारियों ने कमर कस ली है।



सीएमआरएस की टीम के निरीक्षण से पहले स्थानीय अधिकारियों ने भी पिछले दिनों पांच स्टेशन, जन सुविधा और ट्रैक सुरक्षा के पैरामीटर की जांच की थी।

एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के अधिकारी ने बताया कि सभी दस्तावेज सीएमआरएस टीम को पहले ही सौंप दिए गए हैं। निरीक्षण के बाद दिल्ली में दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन इसी महीने से शुरू हो सकता है।

निरीक्षण में सबकुछ सही मिलने पर ही सीएमआरएस की टीम ओके रिपोर्ट देगी। जिम्मेदारों के दावे के अनुसार मेट्रो का दिसंबर 2024 में कमर्शियल रन नहीं हो पाया। अब एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों ने कमर कस ली है। सीएमआरएस की टीम के निरीक्षण से पहले स्थानीय अधिकारियों ने भी पिछले दिनों पांच स्टेशन, जन सुविधा और ट्रैक सुरक्षा के पैरामीटर्स की जांच की थी।

**जांच में इन बिंदुओं पर फोकस**

बता दें कि जांच में ट्रैक की सुरक्षा समेत ट्रैक के नट-बोल्ट की जांच, सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना, स्टेशन निर्माण में उपयोगी उपकरणों को जांचना और लोक सुविधा के लिए लगाए गए सिस्टम के ट्रायल करने जैसे पहलुओं पर फोकस किया जाएगा।

## पांच बार ट्रैफिक सिग्नल तोड़ा तो लाइसेंस रद्द होगा, इंदौर के 14 चौराहों पर सिस्टम लगा

**इंदौर।** ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करने वालों के साथ अब ट्रैफिक पुलिस सख्ती करने जा रही है। अब ट्रैफिक सिग्नल तोडने वालों का बच निकलना आसान नहीं होगा। अब दूसरी बार सिग्नल तोड़ते ही सूचना ऑटोमैटिक वायरलेस सेट पर मिल जाएगी। साथ ही लोकेशन भी मिलेगी कि गाड़ी किस चौराहे से निकली है। इसके बाद उस गाड़ी को जब्त कर लिया जाएगा। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) में ऐसे कुछ अपडेट करने के लिए दिल्ली की टीम काम कर रही है।



शहर के 14 चौराहों पर लगे आईटीएमएस में यह जरूरी बदलाव होंगे। क्योंकि, अभी सिग्नल तोडने वाले चालकों को पकड? के लिए ट्रैफिक टीम मैन्युअली काम करती है। फिलहाल सबसे बड़ी कमी यह थी कि कोई गाड़ी लगातार सिग्नल तोड़ रही है, तो उसकी सूचना देर से मिलती थी। अब ऐसा सिस्टम बनाया जा रहा है कि किसी वाहन ने लगातार दूसरे चौराहे पर गलती की, तो उसकी सूचना तुरंत सेट पर पहुंचेगी। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक जवान उस गाड़ी को पकड लेंगे।

**लाइसेंस ऑटोमैटिक रद्द होगा-** ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों अफसरों के मुताबिक, लगातार 5 ई-चालान वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए आरटीओ को पत्र लिखना पड़ता था। कुछ महीने बाद ये प्रोसेस ऑटोमैटिक हो जाएगी। यानी जैसे ही किसी वाहन के 5 चालान बने, तो इसकी जानकारी ऑनलाइन आरटीओ विभाग में पहुंच जाएगी। वहां से सीधे वाहनों के इंश्योरेंस या चालक के लाइसेंस रद्द हो जाएंगे।

**यहां लगा है आईटीएमएस सिस्टम-**एलआईजी, रसोमा, स्कीम 78, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, लक्ष्मी बाई प्रतिमा चौराहा, टाटा स्टील चौराहा, पल्हर नगर, रामचंद्र नगर, होमगार्ड चौराहा, पीपल्याहाना, बॉम्बे हॉस्पिटल, बंगाली चौराहा, पत्रकार कॉलोनी चौराहा और गिटार चौराहे पर आईटीएमएस काम कर रहा है।

## 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से, 25 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होंगी, जिनमें लगभग 25 लाख छात्र शामिल होंगे। परीक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ को दी गई है। प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र के तहत 5 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जो स्कूल से 3 किमी के दायरे में होंगे। एक केंद्र पर 250 से अधिक छात्र नहीं होंगे, लेकिन विशेष परिस्थितियों में केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी।

**डिटेंशन पॉलिसी होगी लागू-** इस बार परीक्षा में डिटेंशन पॉलिसी लागू होगी। 5वीं और 8वीं के छात्रों को 33 प्रतिशत अंक (20 में से 60 अंक) लाने होंगे। यदि कोई छात्र पास नहीं होता है, तो उसे दो महीने बाद पुनः परीक्षा का अवसर मिलेगा। फिर भी फेल होने पर उसे उसी कक्षा में रोक लिया जाएगा।

## 150 से अधिक कॉलेजों ने नहीं बनाई अनुशासन समिति, यूनिवर्सिटी ने भेजा नोटिस



**इंदौर।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी (डीएवीवी) के अधीन आने वाले 150 से अधिक कॉलेज अब तक अनुशासन समिति गठित नहीं कर पाए हैं। आधा सत्र बीत जाने के बाद भी कॉलेजों ने विश्वविद्यालय को इसकी जानकारी नहीं दी, जिसके चलते यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**अनुशासन समिति क्यों जरूरी?**

यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार, प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में अनुशासन समिति गठित करना अनिवार्य है। इसका कार्यकाल दो वर्ष का होता है और यह रैगिंग, छात्रों के विवाद, और प्रदर्शन जैसे मामलों की जांच करती है।

यूनिवर्सिटी ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में सभी संस्थानों को समिति गठन की सूचना भेजने के लिए कहा था। लेकिन डीएवीवी के 180 में से 50 कॉलेजों ने अब तक समिति नहीं बनाई है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। यदि कॉलेज उचित कारण नहीं बताते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

## युवक से लूटपाट


**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में युवक के साथ बदमाश ने चाकू की नोंक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपितों ने पहले चाकू दिखाकर धमकाया और पैसे छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस को रजत परमार ने बताया कि वह मोबाइल कंपनी में रिपेयरिंग का काम करता है। रात 11 बजे खाना खाने के बाद पान की दुकान पर गया था, तभी आरोपित वहां पहुंचा और उसके भाई शुभम के बारे में पूछताछ करने लगा। जानकारी नहीं होना बताया तो चाकू निकालकर रजत की कमर पर अड़ा दिया और जबरन पैसे मांगने लगा। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जैब से 20 हजार रूपये लेकर फरार हो गया।

### इंदौर में ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती

## बोर्ड परीक्षाओं से पहले कलेक्टर ने जारी किए नए आदेश

**इन्दौर।** 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं इस महीने से शुरू होने वाली हैं,जो अप्रैल माह तक चलेंगी। ऐसे में, इंदौर शहर में ध्वनि प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि लगातार मिल रही ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर मजिस्ट्रेट और पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वे ध्वनि प्रदूषण से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करें। इसमें दो से अधिक डीजे बॉक्स का



उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी और रात दस से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक रहेगी। लाउडस्पीकर और डीजे की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेनी होगी। उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में,परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए शांति बनाए रखना आवश्यक है।

# व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस की होगी जांच, अनफिट पर कार्रवाई : कलेक्टर

**इंदौर।** बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाएंगे। इस अभियान के तहत सभी वाहनों के लिए पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण) प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। साथ ही, व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी और अनफिट वाहनों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**संयुक्त बैठक में अहम फैसले-** कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर निशा डामोर और संयुक्त संचालक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एस.एन. द्विवेदी सहित कई अधिकारी शामिल हुए। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए विभिन्न प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई।



**संयुक्त जांच अभियान होगा संचालित-** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य योजना तैयार करें। औद्योगिक इकाइयों को कोयले की जगह गैस के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। समय सीमा में बदलाव न करने पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा,बिना जांच के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने पर प्रतिबंध रहेगा और पीयूसी प्रमाण पत्र को पोर्टल-आधारित प्रणाली से जारी किया जाएगा,जिससे पारदर्शिता बनी रहे। जो पीयूसी संचालक बिना जांच के प्रमाण पत्र जारी करेंगे, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

खुले में बायोमास और कचरा जलाने पर प्रतिबंध लगेगा, उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। वायु गुणवत्ता सूचकांक नियंत्रित रखने के लिए सड़कों पर नियमित जल छिड़काव और मैकेनिकल स्वीपिंग की जाएगी।

### निगम आयुक्त के निर्देश

## सड़क बनने के बाद खोदी, तो वसूली होगी



**इन्दौर।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में विकसित की जा रही सड़कों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त शिवम वर्मा ने समीक्षा बैठक की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण से पहले ही सभी जरूरी सुविधाओं जैसे सीवरेज, जलापूर्ति और स्ट्रॉम वाटर लाइन का कार्य पूरा कर लिया जाए।

यदि बनने के बाद सड़क दोबारा खोदने की नौबत आई तो संबंधित विभागों और एजेंसियों से वसूली की जाएगी। सीवरेज लाइन के लिए सीवरेज डिपार्टमेंट,जल आपूर्ति के लिए पीएचई और अन्य जरूरतों के लिए योजना शाखा के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क के ड्राइंग और डिजाइन के अनुसार मौके पर जाकर सभी आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई समस्या न हो। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, नरेश जायसवाल, पराग अग्रवाल,कंसलटेंट और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वर्तमान में बिचोली हप्सी से भूरी टेकरी होते हुए नायता मुंडला तक सड़क निर्माण कार्य जारी है। प्रथम चरण में 8 सड़कों पर कार्य शुरू किया जाएगा।

इनमें सुभाष मार्ग, लिंक रोड, एमआर-5, भमोरी चौराहा, वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट, एडवांस एकेडमी से रिंग रोड, जमजम चौराहा से स्टार चौराहा और रिंग रोड का खजराना मंदिर द्वार से जमजम चौराहा तक का हिस्सा शामिल है।

### आयुक्त द्वारा अग्नि दुर्घटना एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

**इंदौर।** आयुक्त शिवम वर्मा की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय में अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और फायर विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आयुक्त ने शहर में फायर सुरक्षा एवं रेस्क्यू व्यवस्थाओं की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने नए फायर स्टेशन एवं संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा,फायर कर्मियों के लिए स्थायी क्वार्टर और रेस्ट रूम बनाने पर जोर दिया गया।

## स्कूलों की मनमानी पर रोक : किताबें-यूनिफॉर्म खरीदने की बाध्यता खत्म

**इंदौर।** जिला प्रशासन ने नए शैक्षणिक सत्र से पहले अभिभावकों पर स्कूलों द्वारा डाले जाने वाले आर्थिक बोझ को कम करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब कोई भी स्कूल छात्रों को निर्धारित स्थान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। नियम तोडने पर प्राचार्य और संचालक के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रशासन ने आदेश दिया है कि स्कूलों में ऐसी यूनिफॉर्म लागू की जाए,जो कम से कम तीन साल तक इस्तेमाल की जा सके।



बार-बार यूनिफॉर्म बदलने की नीति पर रोक लगाई गई है। अगर कोई स्कूल इन नियमों का पालन नहीं करता है, तो प्रशासन उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। अभिभावकों ने प्रशासन के इस फैसले की सराहना की है। अब स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## ग्रीन पार्क कॉलोनी के लोग उतरे सड़क पर

**इंदौर।** धार रोड पर स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी के रहनुमा आज गंदगी और अव्यवस्था के खिलाफ सड़क पर उतर आए। ड्रेनेज के पानी और कचरे के बीच प्रदर्शन करते हुए उन्होंने जागो सरपंच जागो के नारे लगाए। निवासी बताते हैं कि वे कई बार पंचायत और अधिकारियों को शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कई दिनों से यहां गंदगी का अंबार लगा है। ड्रेनेज का पानी रोज सड़क पर बह रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पिछले वर्षों से सफाई न होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। प्रदर्शन में शामिल जिया खान, सरफराज अंसारी और इमरान कुरैशी ने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।



## इंदौर में मुफ्त इंटरनेट का सपना अधूरा

**इंदौर।** शहरवासियों के लिए मुफ्त इंटरनेट देने की नगर निगम की योजना दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी हकीकत नहीं बन सकी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा की गई इस घोषणा के तहत 150 से अधिक चौराहों पर वाई-फाई टॉवर लगाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक एक भी टॉवर नहीं लगाया गया। ऐसे में लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट के लिए करोड़ों रुपए का बजट भी रखा था, लेकिन इसकी कोई प्रगति नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार, वाई-फाई टॉवर लगाने के लिए सर्वे भी नहीं किया गया है, जिससे साफ है कि निगम इस मामले में गंभीरता से काम नहीं कर रहा। शहरवासी और यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्र इस योजना की कमी के कारण परेशानियों का सामना कर रहे हैं। अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा का कहना है कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और एक-दो महीने में एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा।

## निगमायुक्त ने अपनाया सख्त रवैया, दो को किया निलंबित

**इंदौर।** टैक्स असेसमेंट में गड़बड़ी करना दो सहायक राजस्व अधिकारियों को महंगा पड़ गया। शिकायत के बाद निगमायुक्त शिवम वर्मा ने कठोर कदम उठाते हुए दोनों को निलंबित कर दिया। दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी 22 जोनों में पदस्थ राजस्व अधिकारियों को वसूली का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सोमवार को निगमायुक्त ने ली। बैठक में संज्ञान में आया कि जोन क्रमांक 16 के सहायक राजस्व अधिकारी राजेश परमार एवं जोन 19 के अधिकारी वैभव डांगी ने संपत्ति कर असेसमेंट में न सिर्फ गड़बड़ी की, बल्कि करदाता से कम टैक्स वसूला। इस पर दोनों पर कार्रवाई की। इसी प्रकार वसूली कम पाए जाने पर जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी गौरव बछोनिया और जोन 20 के अधिकारी सचिन गावद को नोटिस दिया है।



**प्रजेंटेशन तैयार किए जाएं-** आयुक्त ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान झोनल अधिकारी को प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अन्य झोनल अधिकारी अपने झोन क्षेत्र में कार्रवाई संपादित करा सके। शहर में यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने पार्किंग के स्थान पर बेसमेंट में किए गए निर्माण हटाने के पश्चात कितने स्थानों पर पार्किंग का संचालन किया जा रहा है, इसकी भी समीक्षा की। सीएम हेल्प लाइन में आई शिकायतों का झोनल अधिकारी को 90 प्रतिशत निराकरण समयसीमा में करने को कहा।

CRIME

### वेगेनार सहित गांजा धराया

**इंदौर।** राजेंद्रनगर पुलिस ने एक कार सवार बदमाश को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने भीमनगर के समीप से चेकिंग के दौरान अनिकेत राठौर निवासी मनावर जिला धार को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी से 132 ग्राम गांजा एवं सफेद रंग वेगेनार कार क्रमांक एमपी 09 एई 9422को जब्त किया गया।

### ट्रक चालक एमडी ड्रग सहित गिरफ्तार

**इंदौर।** अपराध शाखा ने दो ट्रक चालकों को मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के मामलें में गिरफ्तार किया है। आरोपितों से एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। राजस्थान के तस्करों से लिंक जुड़ी है। पुलिस के अनुसार आरोपित आदम खान और प्रेमनारायण निवासी रतलाम है। दोनों छठवीं तक पढ़े और ट्रक चलाते है। आरोपितों को ग्रीन पार्क कालोनी ( चंदन नगर) से पकड़ा है। आरोपितों से 57 ग्राम एमडी और बाइक जब्त हुई है।

### सब-इंस्पेक्टर के बेटे ने युवक को मारा चाकू

**इंदौर।** पुलिस के मुताबिक आदर्श पुत्र ललित सोनी निवासी कल्पना नगर ने बताया कि सुनील मेड़ा और उसके साथी ने चाकू से हमला किया। आदर्श ने दोपहिया वाहन किश्त पर खरीदी थी, किश्त नहीं भरने को लेकर ही इनके बीच विवाद हुआ था। आरोपित सुनील के पिता धन्नलाल एसआई और अभी लाईन में पदस्थ हैं। आदर्श निजी बैंक में काम करता है। वहीं आरोपित सुनील वाहन सीजिंग का कार्य करता है। मामले में पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

### मोबाइल लूटने वाले आरोपी की गिरफ्तारी

**इंदौर।** तुकोगंज पुलिस ने मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया,जिसके पास से 21 चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं। आरोपी ने रेलवे कर्मचारी हितेश मनेरिया से वल्लभ नगर जैन मंदिर के पास मोबाइल लूट लिया था। लुटेरा अकेले घूमने वालों को निशाना बनाता था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी,अमन जैन निवासी सुखलिया, के पास से करीब 2 लाख रुपए के मोबाइल मिले हैं। जांच में पता चला कि अमन पहले भी लूट की वारदातों में शामिल रहा है और चोरी के मोबाइल जेल रोड के व्यापारियों को बेचता था। पुलिस अब उसके नेटवर्क की जांच कर रही है।

# महिला संगीत के दौरान डांस करते हुए युवती की मौत

**इन्दौर/विदिशा।** मगधम रिसॉर्ट में एक शादी समारोह के दौरान महिला संगीत का आयोजन हो रहा था,जहां एक लड़की डांस करते हुए अचानक गिरकर बेहोश हो गई। जब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तो परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**शादी की खुशियां मातम में बदली-**नगर के प्रतिष्ठित नखराली साड़ी सेंटर के संचालक राजकुमार जैन और उनके छोटे भाई राजीव जैन के पुत्रों का विवाह समारोह मगधम रिसॉर्ट में आयोजित किया गया था। दूल्हों की बारात आरोन और राघौगढ़ से आई थीं। महिला संगीत का कार्यक्रम चल रहा था,और करीब 10 बजे यह दर्दनाक घटना घटी।

जब लड़की अचानक गिरकर बेहोश हो गई, तो वहां मौजूद डॉक्टर रिश्तेदारों ने उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन जब कोई हलचल नहीं हुई,तो उसे तुरंत विदिशा के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने काफी प्रयास किए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। लड़की की मौत की खबर मिलते ही शादी समारोह का माहौल गमगीन हो गया, और रविवार के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए।

**परिणीता को था डांस का शौक-**मृतक लड़की की पहचान परिणीता जैन के रूप में हुई,जो इंदौर की रहने वाली थी। वह अपने मामा की बेटी की शादी में शामिल होने आई थी। परिणीता एमबीए कर चुकी थी और एक प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रही थी।

## सूने घरों में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 10 लाख का सामान बरामद





**इंदौर।** पुलिस थाना एरोड्रम क्षेत्र में सूने घरों में चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने कई चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने इनके पास से 10 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद किए हैं।


**आरोपियों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड-** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संदीप उर्फ संजू चौहान (27) भूपेंद्र उर्फ भूरा बसौड़(26) और सुनील जमरा(28) शामिल हैं। तीनों आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदीप पर 26, भूपेंद्र पर 11 और सुनील पर 3 केस पंजीबद्ध हैं।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान-**पुलिस आयुक्त संतोष सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने नरीमन सिटी और स्कीम नंबर 51 में चोरी करने की बात स्वीकार की।

**सामान बरामद-**आरोपियों के पास से सोने-चांदी के गहने, चांदी के सिक्के, मूर्तियां, बर्तन और 1500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस अन्य वारदातों की जांच में जुटी है।

## 50 हजार का इनामी भूमाफिया क्राइम ब्रांच की कार्यवाही में गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने 50 हजार के इनामी भूमाफिया अहमद जिवानी को गिरफ्तार किया। आरोपी फोनिक्स इन्फा कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर था और उस पर इंदौर, नागपुर, नासिक, भोपाल, रायपुर सहित कई शहरों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज थे। फरारी के दौरान वह शारजाह (दुबई), नागपुर, हैदराबाद, नासिक, दिल्ली और मुंबई में छिपता रहा।



विजयनगर, कनाडिया, बेटमा, किशनगंज सहित कई थानों में उसके खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120बी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। उसने नैचरल वैली, बेटमा खुर्द,मोहना और शामली में आवासीय प्लॉट के नाम पर करोड़ों की ठगी की थी। पुलिस को सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बाणगंगा क्षेत्र की प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**इन्दौर।** बाणगंगा क्षेत्र में स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाडियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य जारी है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक,आग सुपर कॉरिडोर के टिगरिया बादशाह क्षेत्र में अवंतिका नगर की फैक्ट्री में लगी है, जिसकी सूचना नजदीकी फैक्ट्रियों के चौकीदार ने दी। आग तेजी से फैलने के कारण पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। पुलिस के अनुसार,जिस स्थान पर आग लगी है, वहां केमिकल और अन्य उत्पाद बनाती कई छोटी फैक्ट्रियां भी मौजूद हैं। आग बुझाने के प्रयास में स्थानीय लोगों ने पहले पानी डालने की कोशिश की, लेकिन आग के बढ़ते स्तर को देखते हुए दमकल सेवा को बुलाना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने फैक्ट्री का शेड तोड़ने के लिए जैसीबी भी मंगवाई है।







## डायवर्सन सहित अन्य राजस्व जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के नेतृत्व में इंदौर जिले में डायवर्सन सहित अन्य राजस्व बकाया वसूली का अभियान तेज किया गया है। इस सिलसिले में बकाया राशि जमा न करने वालों की संपत्तियों को कुर्क किया जा रहा है।

एसडीएम निधि वर्मा ने बताया कि मल्हारगंज तहसील में 20 लाख 74 हजार रुपये की वसूली की गई। ग्राम सिंहासा में 4 लाख 63 हजार रुपये के बकाए पर प्रशासन की टीम ने कुर्की की कार्रवाई की,जिसमें बकायादार ने तत्काल आरटीजीएस के जरिए राशि जमा कर दी। इसके अलावा,नैनोद में रामकमल रेजीडेंसी का मकान और रेवती में एलएनसीटी कॉलेज को सील किया गया।

### छात्रा ने फांसी लगाई

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में परीक्षा के तनाव के चलते 11 वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक रितिका पुत्री दिनेश (16) निवासी वीणा नगर में घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल इसका कारण सामने नहीं आया है। पिता ने बताया कि उसकी परीक्षा चल रही थी। हम जिम गए थे, छोटी बेटी ने उसे फंदे पर लटका देखा तो हमें सूचना दी। संभवत वह परीक्षा को लेकर तनाव में होगी। क्योंकिवह परेशान नजर आ रही थी, हमने उसे समझाइश भी दी थी कि परीक्षा का टेंशन नहीं लेना चाहिए।

## पुलिस ने 24 घंटे में चोरी हुए जेवर और कागजात बरामद किए

**इंदौर।** तीन युवकों ने सूने मकान की रैकी के बाद रात को छककर शराब पी और ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर सूने मकान से लाखों के जेवर और आवश्यक कागजात ले गए। घटना के 24 घंटे बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर सलाखों के पीछे धकेल दिया। कनाडिया थाने में 8 फरवरी को फरियादी हेमंत पिता सीताराम परमार निवासी-बिचौली मर्दाना पहाड़ी टेकरी ने रिपोर्ट कराते हुए बताया कि वे परिवार सहित जरूरी काम से बाहर गए थे। जब रात को लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अलमारी का सामान अस्त व्यस्त था। चोर यहां से जेवर और कुछ कागजात ले गए।

मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर धारा 331(4), 305 में केस दर्ज कर लिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी के निर्देश पर टीम गठित कर मुखबीर तंत्र सक्रिय किए गए। इसी दौरान पुलिस ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले।

फुटेज के आधार पर प्रदीप पिता मोहन चौहान, आयुष पिता संतोष चौहान तथा पप्पू पिता राधेश्याम राठौर तीनों निवासी-बिचौली मर्दाना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर सघन पूछताछ की जा रही है।







# याद ए एहतेशाम हाशमी डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली महू में व्यक्ति नहीं विचार विषय पर हुई चर्चा

## देश भर के अधिवक्ता और उनके दोस्त हुए आयोजन में शामिल

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के डाक्टर अंबेडकर की जन्मस्थली महू में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे मरहूम एहतेशाम हाशमी की याद में याद ए एहतेशाम हाशमी व्यक्ति नहीं विचार विषय पर पर एक आयोजन दस फ़रवरी को हुआ

जिसमे दुनिया दिन और खेल में अच्छा प्रदशन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया वही इस मौके पर उनके द्वारा किए गए कार्यो पर चर्चा कर उन्हें याद भी किया गया इस आयोजन में विशेष तौर पर उनकी माता और पिता आयोजन में शामिल होने महू आए हुए थे याद ए एहतेशाम हाशमी व्यक्ति नहीं विचार विषय पर हुए इस में आयोजन की जानकारी देते हुए हाई कोर्ट के अधिवक्ता अहमद दरबारी अंबेडकर ने बताया की मजलूमों और जरूरत मंद लोगो सहित जिन्हें न्याय नहीं मिलता था उनके के लिए हमेशा कार्य करने वाले सीनियर एडवोकेट एहतेशाम हाशमी भेल ही इस दुनिया में नहीं रहे हो लेकिन टीम एहतेशाम हाशमी हमेशा उनके मिशन को आगे बड़ा रही है सीनियर एडवोकेट एहतेशाम हाशमी सुप्रीम कोर्ट में अपने साथियों के साथ मिलकर हमेशा इंसाफ़ की लड़ाई लड़ते थे यही वजह है कि उनकी याद में यह आयोजन किया गया है आयोजन में उनके साथी सुप्रीम कोर्ट के साथ ही देश भर के अधिवक्ता इस आयोजन में शामिल हुए इस मौके पर प्रतिभावान स्टूडेंस्ट का सम्मान किया गया, जिसमे सारांश गायकवाड़, अलशिफ़ा , अरीबा ,फरहान दरबारी और अरीब अली का सम्मान किया गया।






## बदले स्वरूप में नजर आएगा चाचा नेहरू अस्पताल

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल परिसर में स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय अब जल्द ही अपने नए स्वरूप में नजर आएगा। हाल ही में पता चला है कि 6 महीने पहले शुरू हुआ निर्माण कार्य 50 फीसदी पूरा हो चुका है, जिसमें तीसरी मंजिल का काम भी जारी है। वर्तमान में अस्पताल में 100 बिस्तरों की सुविधा है, जिसे बढ़ाकर 130 से 140 बिस्तर किया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर 8 करोड़ रु. का जनसहयोग मिलाकर यह कार्य किया जा रहा है। निर्माण पूरा होने पर न्यू चेस्ट वार्ड से पीआईसी यूनिट को वापस अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे 10 अतिरिक्त बिस्तरों की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चलने वाली हिमेटोआंकोलॉजी यूनिट को भी चाचा नेहरू अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। तल मंजिल से तीसरी मंजिल तक वार्ड क्षेत्र के विस्तार के साथ-साथ रंगरोगन, आधुनिक इलेक्ट्रिक सिस्टम, आइसीयू में बेहतरीन सुविधाओं का प्रावधान करने की योजना है।

# रिंगरोड व शहर में अवैध बस पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई, फार्मर रजिस्ट्री व राजस्व वसूली में आएगी तेजी



**इन्दौर।** कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि रिंग रोड सहित शहर के अन्य स्थानों पर अवैध रूप से पार्क की गई यात्री बसों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। राजस्व बकाया वसूली पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में उन्होंने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द तैयार की जाए ताकि वे शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके लिए प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 10 रजिस्ट्रियां बनाने का लक्ष्य दिया गया है,जिसकी समीक्षा एसडीएम नियमित रूप से करेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों व डीजे पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन हो, भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान को तेज किया जाए और सभी सरकारी परिसरों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण एवं बारिश पूर्व जल निकासी कार्य पूरे करने के भी निर्देश दिए गए।

## साल का पहला सूर्य ग्रहण, एक गहरा आंशिक ग्रहण, 29 मार्च, 2025 को लगेगा

**इंदौर।** साल 2025 में चार बड़ी खगोलीय घटनाएं होने वाली हैं- दो सूर्य ग्रहण (सूर्य ग्रहण) और दो चंद्र ग्रहण (चंद्र ग्रहण)। साल का पहला सूर्य ग्रहण, एक गहरा आंशिक ग्रहण, 29 मार्च, 2025 को होगा। हालांकि, यह घटना भारत में दिखाई नहीं देगी। 29 मार्च को होने वाला सूर्य ग्रहण आंशिक होगा, जिसका मतलब है कि चंद्रमा सूर्य की सतह के केवल एक हिस्से को ही ढकेगा। खगोलविदों के अनुसार, चंद्रमा की केंद्रीय छाया पृथ्वी को नहीं छुएगी, जिसका मतलब है कि कोई पूर्ण ग्रहण नहीं होगा। जबकि यूरोप के अधिकांश हिस्से आंशिक सूर्य ग्रहण देखेंगे, भारत इस खगोलीय घटना को नहीं देख पाएगा। यह घटना यूरोप, एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और अटलांटिक और आर्कटिक महासागरों के कुछ हिस्सों में दिखाई देगी।

## कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम को धमकाने का प्रयास, एक्टिवा और शराब जब्त

**इंदौर।** सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाइयाँ लगातार जारी हैं। ग्राम बडगोदा में आबकारी नियंत्रण प्रभारी रामहंस पचौरी और सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी की अगुवाई में कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर संजय वर्मा को उसके ढाबे पर अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। उसकी एक्टिवा बाइक की सीट से 5,100 रुपये की देशी शराब जब्त की गई। आरोपी पर पहले भी आबकारी विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया है। जब आबकारी टीम ने कार्रवाई की तो उसने अधिकारियों को धमकाने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने साहस दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1लाख 10 हजार रुपये है।





## आयुक्त ने शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने शहर के विभिन्न शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करना था। उन्होंने विशेष रूप से खजराना रिंग रोड और ग्रेटर कैलाश आदर्श रोड स्थित विद्यालयों का ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया। आयुक्त ने स्कूल परिसर में पेयजल, स्वच्छ शौचालयों और सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को स्वच्छता की गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आदत होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया,ताकि छात्र-छात्राएं स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना सकें।

# नायब तहसीलदार को कलेक्टर ने शासन के आदेश पर पटवारी बना दिया

**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में प्रशासनिक सख्ती देखने को मिली है। फर्जी राशन कार्ड बनाने और न्यायिक शक्तियों के दुरुपयोग के आरोप में एक नायब तहसीलदार को पदावनत (डिमोट) कर पटवारी बना दिया गया है। यह कार्रवाई मध्य प्रदेश शासन के आदेश पर की गई। जिससे हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना है कि सरकार के इस एक्शन से भ्रष्ट अधिकारियों में भय पैदा होगा, जो न्याय हित में बहुत जरूरी है।



**नायब तहसीलदार गरीबी रेखा के राशन कार्ड में कर रहे थे खेल-**जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार अरुण चन्दवंशी पर शासन के नियमों के खिलाफ काम करने और कई फर्जी आदेश जारी करने के गंभीर आरोप थे। बताया जाता है कि उन्होंने आगर मालवा के झोटा और बिजानगरी क्षेत्र में रहते हुए कई अनियमितताएं की थीं। इसमें एक-एक साल की अवधि के लिए गरीबी रेखा के राशन कार्ड जारी करने जैसी गड़बड़ियां शामिल हैं।

**लोकायुक्त में शिकायत के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने लिया एक्शन-**अरुण चन्दवंशी के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत दर्ज होने के बाद शासन ने उनके खिलाफ जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद मध्य प्रदेश राजस्व विभाग, भोपाल ने आदेश जारी कर उन्हें नायब तहसीलदार पद से हटाकर पटवारी बना दिया। कलेक्टर को आदेश मिलने के बाद उन्हें उज्जैन स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां वे अब पटवारी के रूप में कार्य करेंगे।

**सरकारी नियमों के खिलाफ काम करने पर कार्रवाई-**मध्य प्रदेश सरकार प्रशासनिक सख्ती बरतते हुए सरकारी पदों पर बैठे अधिकारियों द्वारा किए गए घोटालों पर कड़ा रुख अपना रही है। इसी क्रम में यह कार्रवाई एक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है, जिससे अन्य सरकारी अधिकारियों को सख्त संदेश मिले कि प्रशासनिक शक्तियों का दुरुपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार अरुण चंदवंशी की हरकतों से लोग बहुत परेशान हो गए थे। इसी वजह से उसकी कंप्लेन की गई थी। जिस पर यह एक्शन हुआ है।





## एमपी के 17 मजदूरों को महाराष्ट्र में बनाया बंधक, पुलिस ने छुड़ाया

**बुरहानपुर।** रहानपुर के बंभाड़ा गांव से मजदूरी के लिए महाराष्ट्र गए 17 लोगों को बंधक बना लिया गया था। एसपी देवेंद्र पाटीदार के निर्देश पर शाहपुर थाना पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन सभी को सकुशल मुक्त करा लिया गया है।

शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में गई पुलिस टीम ने उस्मानाबाद के कलेक्टर और स्थानीय प्रशासन की मदद से सभी को मुक्त कराया। बचाव अभियान में एएसआई महेंद्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक शाहाबुद्दीन के अलावा जन साहब संस्था के लीगल को-ऑर्डिनेटर सीएस परमार, राज्य समन्वयक यास्मीन खान और एफओ देव भोरे की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

टीआई ने बताया कि हर साल बुरहानपुर जिले से बड़ी संख्या में मजदूर काम की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जहां कई बार उन्हें बंधक बना लिया जाता है। पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई कर मजदूरों की मदद करता है। इस मामले में भी सभी मुक्त कराए गए लोगों को सुरक्षित उनके गांव बंभाड़ा पहुंचा दिया गया है।

## महिला सरपंच ने नीमच में गिरवी रखा पद, 500 रुपए के स्टाम्प पेपर पर ठेकेदार को दी सरपंची



**नीमच।** नीमच में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला सरपंच ने अपनी सरपंची गिरवी रख दी है। महिला सरपंच ने स्टांप पेपर पर साइन कर ठेकेदार को सरपंच पद दे दिया है। वो भी महज 500 रुपए के लिए है। दरअसल, ग्राम पंचायत दाता की सरपंच कैलाशीबाई कछावा ने 500 रुपए के स्टांप पर गांव के ही सुरेश गरासिया को सरपंची सौंप दी। इस तरह का अनुबंध करने का यह देश का पहला मामला माना जा रहा है। इधर जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बोला कि सरपंच को नोटिस जारी करेंगे।



## मंत्री सुश्री भूरिया ने कुपोषित बच्चो की माता और मोटी आई से किया संवाद

**झाबुआ।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के कल्याणपुरा के तड़वी फलिया में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर पहुँच कर मंगल दिवस आयोजन में सम्मिलित हुई।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कुपोषित बच्चे की माता और मोटी आई से संवाद किया और बच्चें की देखरेख कर पौष्टिक आहार, टीएचआर लड्डू एवं गुड़ चना खिलाये जाने और बच्चों की शिशु रोग विशेषज्ञ से स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को टीएचआर से बने लड्डु खिलाए एवं मोटी आई का पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया।मंत्री सुश्री भूरिया ने समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मोटी आई पोस्टर लगाने की शुरुआत करते हुए केन्द्र पर मोटी आई पोस्टर लगायें जिसमे केन्द्र का नाम, मोटी आई का नाम प्रदर्शित रहेगा। उन्होंने आंगनवाड़ी को दी गयी मान्टेसरी किट के माध्यम से बच्चो के साथ विभिन्न ज्ञानवर्धक खेल, खेले एवं खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया। मंत्री सुश्री भूरिया ने मंगल दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आंगनवाड़ी केन्द्र पर गर्भवती महिला श्रीमती दीपिका दिनेश भूरा की गोद भराई कर उसे किट भेंट की।

## रोड निर्माण और चौड़ीकरण के काम में पहली बड़ी कार्रवाई हुई

**उज्जैन।** एमपी में सड़कें चौड़ी करने का काम किया जा रहा है। उज्जैन में तो इसके लिए बाकायदा अभियान चलाया जा रहा है। सड़क चौड़ी करने के लिए यहां पहली बड़ी कार्रवाई जब रास्ते में आ रहे एक स्कूल को मार्ग से हटाया गया। अब धर्मस्थल को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। शहर भर की सड़कें चौड़ी की जानी है जिसमें 50 से ज्यादा धर्मस्थल प्रभावित होंगे। सड़कें चौड़ी करने के लिए ऐसे धर्मस्थलों को भी पीछे हटाया जाएगा। उज्जैन में 2028 में आयोजित सिंहस्थ यानि कुंभ मेले के लिए ये कवायद की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार धर्मस्थलों के बढ़े हिस्से को हटाया जाएगा या फिर कहीं ओर शिफ्ट भी किया जा सकता है।

उज्जैन में हो रहे रोड निर्माण और चौड़ीकरण के काम में पहली बड़ी कार्रवाई हुई है। कोठी रोड रोड से उद्योगपुरी की ओर मार्ग में आ रहे एक सरकारी स्कूल को शिफ्ट किया गया है। इसी के साथ स्कूल को तोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। वहीं रास्ते में आने वाले एक धर्मस्थल को भी पीछे किए जाने की कार्रवाई होगी।

नगर निगम द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन के पास से सड़क को 18 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। निगम ने यह काम भी शुरू कर दिया है। रास्ते में शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोठी रोड का भवन और इसी के आगे एक धर्मस्थल भी आ रहा है। दोनों को हटाए बिना रोड चौड़ी करना संभव नहीं है। लिहाजा पहली



कार्रवाई करते हुए शासकीय स्कूल को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है।

कलेक्टर नीरजकुमार सिंह ने सरकारी स्कूल को हटाते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर में शिफ्ट करने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर के आदेश के बाद निगम की ओर से स्कूल भवन तोडने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। अगले दिनों में मार्ग में आ रहे धर्मस्थल को भी पीछे करने की कार्रवाई भी होगी।



## नगरपालिका ने अपने बकायादारों की सूची अब सार्वजनिक करना शुरू की

**विदिशा।** नगरपालिका ने अपने बकायादारों की सूची अब सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले शहर के टॉप 20 बकायादारों की सूची नगरपालिका परिसर के अलावा माधवगंज चौराहा, पुरानी नगरपालिका परिसर और गांधी चौक पर लगाई गई है।

सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर का कहना है कि 20 हजार से अधिक संपत्तिकर के करीब 400 बकायादार हैं। बता दें कि नगरपालिका को जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया आदि सभी तरह के करों की करीब 32 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं पर बकाया है। यदि यह राशि मिल जाती है तो नगरपालिका इस राशि से शहर में विकास कार्य करा सकती है। जतरापुरा स्थित शिव शक्ति पेपर मिल पर सबसे अधिक एक करोड़ से अधिक की राशि बकाया है।

## खंडवा में गलत रूट पर दौड़ी डबल डेकर मालगाड़ी, समय पर रोका

**खंडवा।** मध्य रेलवे के सीमावर्ती खंडवा स्टेशन तक डबल डेकर मालगाड़ी रुट परिवर्तन के कारण पहुंच गई। यहां यार्ड पर ओएचई की ऊंचाई डबल डेकर के हिसाब से कम होने से ट्रेन को आउट पर रोक दिया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया।

बताया जा रहा है कि मामले की संयुक्त जांच के आदेश सेंट्रल रेलवे ने जारी किए हैं। मंडल स्तर पर भुसावल में समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। डीआरएम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा की जा रही है।




**18 स्टेशनों से होते हुए पहुंच गई-**आंध्र प्रदेश के पेनुकोंडा से गुडगांव के फारुखनगर जा रही डबल डेकर मालगाड़ी जलगांव से गलत ट्रैक पर 18 स्टेशनों से होते हुए करीब 147 किमी खंडवा पहुंच गई। इस गलती का पता यहां स्टेशन के यार्ड में ओएचई से डबल डेकर के इंजन के पहले डिब्बे की छत को चिपके से बिजली सप्लाई बंद हो गई। इससे खलबली मच गई। मालगाड़ी में 264 एसयूवी कार लगभग 66 करोड़ रुपये कीमत की लदी हुई थी।

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए स्कूल के तीन किमी के अंदर बनाए जाएंगे केंद्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से आयोजित हो रही है। इस बार हर जनशिक्षा केंद्र के तहत पांच केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा केंद्र स्कूल से तीन किमी के अंदर ही होंगे और एक केंद्र पर 250 से अधिक विद्यार्थी शामिल नहीं होंगे। विशेष परिस्थितियों में राज्य शिक्षा केंद्र को सूचित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुमति से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। इस बार परीक्षा के लिए राज्य व जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया जाएगा। परीक्षा से संबंधित कोई भी शिकायत यहां दर्ज कराई जा सकती है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें निर्देशित किया गया है कि इस बार डिटेंशन पॉलिसी भी लागू होगी। बता दें कि इस बार परीक्षा में सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

**डिटेंशन पॉलिसी लागू होगी-**कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षा में निर्धारित अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने वाले विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए दो माह बाद पुनः परीक्षा आयोजित होगी। पुनः परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को उसी कक्षा में रोके जाने (डिटेंशन पालिसी) का प्रविधान होगा। प्रत्येक विषय में लिखित परीक्षा 60 अंक का होगा, जिसमें 33 प्रतिशत यानी 20 अंक लाने होंगे। उससे कम अंक लाने वाले बच्चों को पुनः परीक्षा देनी होगी। इसके बाद भी कोई फेल हो जाता है तो उसे उसी कक्षा में रोक लिया जाएगा।



**नियमितता व कर्तव्यनिष्ठा पर भी मिलेगी ग्रेड-**स्कूलों में आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थी की उपलब्धि पर स्कूल से ग्रेड दी जाएगी। यह कक्षा शिक्षक देंगे। इसमें नियमितता, समयबद्धता, सहयोग की भावना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी का आकलन भी होगा। इसके अलावा साहित्यिक, सांस्कृतिक, विज्ञान, सृजनात्मक, खेलकूद पर भी ग्रेडिंग की जाएगी। स्कूलों को ग्रेड व अंक 15 फरवरी तक आनलाइन भरकर राज्य शिक्षा केंद्र को भेजने होंगे। वहीं पांचवीं के परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त भाषा वैकल्पिक है। इस कारण अतिरिक्त भाषा के प्राप्तांकों को वार्षिक परिणाम में नहीं जोड़ा जाएगा।

**नकल करते पकड़े जाने पर परीक्षा होगी निरस्त-**अगर कोई विद्यार्थी नकल करते या अनुचित साधनों का प्रयोग करते पकड़ा जाएगा तो उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। उसकी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

**एक घंटे के अंदर उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करना होगा-**यह भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा के दिन जनशिक्षा केंद्र से 45 मिनट पहले केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति में प्रश्नपत्रों का बंडल वितरित किया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी केंद्रों से एक घंटे के अंदर उत्तरपुस्तिकाओं को जनशिक्षा केंद्र पर जमा कराना होगा।

# मध्यप्रदेश के शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों के लिए बनेंगे 10 लाख आवास : डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयंती पर भोपाल के हिंदी भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार वंचित वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सबको आगे बढ़ने का मौका मिले, सबकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो, गरीबों की गरीबी दूर हो, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को सम्मान मिले, किसानों का मान बढ़ें और सभी लोग बराबरी से रहें, राज्य सरकार इस उद्देश्य से हर वर्ग के लिए योजनाएं और कार्यक्रम संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में दी गई लोकतांत्रिक



व्यवस्था के आधार पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जीवन की कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए प्रधानमंत्री बनें। उनसे यह प्रेरणा मिलती है कि गरीब से गरीब परिवार के बच्चे भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने समाज को शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और समानता का अधिकार दिया। जन-जन को इन सब अधिकारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मारिका और रविदास चालीसा का विमोचन भी किया। समारोह को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।



## ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में एक जिला एक उत्पाद योजना को भी मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) में निवेशकों को जापानी तपन्याकी, थाई करी बाउल और मालवा के दाल बाफले परोसे जाएंगे। इसके लिए जापान से प्रशिक्षित शेफ बुलाए जाएंगे। इसके अलावा निवेशकों को बिहार का लिट्टी चोखा, हरी मूंग मेथी पापड़ की भाजी और राजवाडी रिकमज की सब्जी भी खिलाई जाएगी।

जीआईएस में मोटे अनाज से बने तीखे, नमकीन और मीठे व्यंजनों का भी स्वाद चखने को मिलेगा।निवेशकों को भारत का पारंपरिक अनुभव कराने के लिए कुछ विशेष व्यंजन मिट्टी के बर्तनों में भी परोसे जाएंगे।

**100 से अधिक शेफ आएंगे-** जीआईएस में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। जीआईएस में भारत के विभिन्न राज्यों के व्यंजन भी विदेश मेहमानों को खिलाए जाएंगे। इसके लिए 100 से अधिक शेफ बाहर से बुलवाए जा रहे हैं।

पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। फाइव स्टार होटलों के यह शेफ जीआईएस के चार दिन पहले बुला लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री सहित विदेश की प्रमुख हस्तियों के लिए अलग से शेफ बुलाए जा रहे हैं।

## अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने में जन-जागरूकता तंत्र की भूमिका महत्वपूर्ण

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन सुविधाओं को हर कोने हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में जन सहभागिता सुनिश्चित करने में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने में शासन के साथ-साथ उसे जन-जागरूकता तंत्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट में 'आत्मनिर्भर और स्वावलंबी आदर्श ग्राम' विषय पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि गांव में अब पहले से ज्यादा सुविधाएं हैं। आदर्श ग्रामों के विकास के लिए अनुकूल समय है। दीनदयाल शोध संस्थान का मार्गदर्शन और मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद का समर्पण इस दिशा में निर्णायक बदलाव ला सकता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख के आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी ग्रामों के चित्रकूट मॉडल को सम्पूर्ण प्रदेश में विस्तारित करने के उद्देश्य से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया है।



## किराएदारी अधिनियम 2010 केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित, ड्राफ्ट में फिर बदलाव

**भोपाल।** मॉडल किराएदारी एक्ट का विधानसभा के बजट सत्र में भी पेश हो पाना मुश्किल नजर आ रहा है। क्योंकि इसके ड्राफ्ट में फिर बदलाव किया जा रहा है। दरअसल, केन्द्र के निर्देश हैं कि सभी राज्यों का मॉडल किराएदारी एक्ट एक समान होना चाहिए। इसके लिए मंत्रालय से ड्राफ्ट फिर से नगरीय विकास संचालनालय को भेजा गया है। इसका पूरा रिव्यू होगा। इसके बाद इसे वरिष्ठ सचिव समिति के पास भेजा जाएगा।




समिति में हर पहलू पर विचार होने के बाद जो सुझाव या आपत्तियां आएंगी। उनके अनुसार ड्राफ्ट में फिर संशोधन किए जाएंगे। इसके बाद ड्राफ्ट कैबिनेट के समक्ष पेश होगा।

**विधानसभा में होगा पेश-**कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद यह एक्ट विधानसभा में पेश किया जाएगा। वर्तमान में किराएदारी अधिनियम 2010 केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित है। नया एक्ट पूरे मध्य प्रदेश में ग्रामीण, शहरी, व्यावसायिक आदि सभी प्रॉपर्टी पर लागू होगा। केन्द्र ने मॉडल किराएदारी अधिनियम बनाया है। इसके आधार पर ही प्रदेश में मॉडल किराएदारी अधिनियम बनाया गया है।

**अलग से बनेगा पोर्टल-**इसमें नए सिरे से किराएदारी संबंधी विवाद सुलझाने की व्यवस्था की गई है। जिससे न्यायालय जाने की जरूरत नहीं होगी। जिले में किराया प्राधिकारी डिप्टी कलेक्टर स्तर का अधिकारी होगा। किराया न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर कोर्ट होगा। इसके साथ अपील के लिए जिला जज की अध्यक्षता में एक रेंट ट्रिब्यूनल गठित होगा। किराएदारी की पूरी जानकारी रखने के लिए अलग से एक पोर्टल भी बनाया जाएगा। इसमें किराएदार और मकान मालिक दोनों के हितों का ध्यान रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)